ज़ीरो कार्बन बिल

drishtiias.com/hindi/printpdf/zero-carbon-bill

प्रीलिम्स के लिये:

ज़ीरो कार्बन बिल

मेन्स के लिये:

जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में न्यूज़ीलैंड ने वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य हेतु एक "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया है।

प्रमुख बिंदु

- नए कानून में निर्धारित किया गया है कि आने वाले वर्षों में न्यूज़ीलैंड मीथेन को छोड़कर किसी भी अन्य ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन नहीं करेगा।
- ध्यातव्य है कि न्यूज़ीलैंड ने पेरिस जलवायु समझौते के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट करते हुए यह कदम उठाया है।
- इस विधेयक में जानवरों द्वारा मीथेन उत्सर्जन तथा अन्य ग्रीनहाउस गैसों के लिये अलग-अलग नियम निर्धारित किये गए हैं।
    - हालाँकि अभी भी वर्ष 2030 तक मीथेन को 10 प्रतिशत और वर्ष 2050 तक 47 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि इस विधेयक के तहत सरकार को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के बारे में सलाह देने तथा ‘कार्बन बजट’ के निर्धारण हेतु एक स्वतंत्र जलवायु परिवर्तन आयोग की स्थापना करने का भी प्रावधान किया गया है।
- इसके अलावा न्यूज़ीलैंड की सरकार ने यह भी वादा किया है कि वह अगले 10 वर्षों में 1 बिलियन पेड़ लगाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि वर्ष 2035 तक बिजली ग्रिड पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा से चले।

स्रोत: डाउन टू अर्थ